# अब 30 तक करें अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन

## विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बढ़ाई गई अंतिम तिथि
## सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे

अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति 2024

अमर उजाला ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई थी। आवेदन करते समय ध्यान रखें कि फॉर्म में मांगी गईं सभी जानकारियां भरना अनिवार्य है।

छात्रवृत्ति के लिए लिखित परीक्षा 85 शहरों के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित कराई जाएगी। विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार किसी भी शहर का चयन कर सकते हैं। परीक्षा केंद्र की सूचना ई-मेल द्वारा भेजे जाने वाले एडमिट कार्ड में दी जाएगी। इसलिए हर आवेदक की ई-मेल आईडी होना अनिवार्य है। इस वर्ष अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा में नौवीं और दसवीं के

AMAR UJALA FOUNDATION

### इनमें से किसी भी लिंक पर क्लिक करके आवेदन फॉर्म भरा जा सकता है

- https://www.amarujala.com/atul-maheshwari-chhatravritti-2024
- https://amarujalafoundation.org/
- https://www.amarujala.com/

### एक एमबी से ज्यादा का न हो दस्तावेज

आवेदकों को फोटो, पिछली कक्षा की मार्कशीट, आवासीय पते का प्रमाण और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। दस्तावेज एक एमबी से अधिक न हों, अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**दृष्टिबाधित के लिए दो विशेष छात्रवृत्तियां :** इस बार भी दो दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्ति दी जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सहायक ला सकते हैं, जो उससे नीचे की कक्षा का होना चाहिए। सहायक को स्कूल का आई कार्ड लाना जरूरी होगा। विद्यार्थी फॉर्म भरते समय इस बात का ध्यान रखें कि एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही फॉर्म भरा जा सकता है।

प्रादेशिक बोर्ड के विद्यालयों में पढ़ने वाले 23 विद्यार्थियों के लिए 50-50 हजार रुपये और 11वीं और 12वीं के 23 विद्यार्थियों को 75-75 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### एक मोबाइल नंबर एक आवेदन

विद्यार्थी फॉर्म भरते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही फॉर्म भरा जा सकता है। एक से अधिक फॉर्म भरने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही फॉर्म भरें

### 12वीं उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थी आवेदन के लिए पात्र नहीं

*प्रादेशिक शिक्षा बोर्ड के नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं में पढ़ने वाले केवल वही विद्यार्थी आवेदन करने के पात्र हैं, जिन्होंने पिछली वार्षिक परीक्षा में न्यूनतम 60 फीसदी अंक प्राप्त किए हों और जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय दो लाख रुपये से कम हो। आठवीं में पढ़ने वाले और बारहवीं उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थी आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। 2023 में आयोजित की गई इस छात्रवृत्ति परीक्षा में एक लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे और उनमें से सफल 44 विद्यार्थियों के बीच छात्रवृत्ति के रूप में 27.50 लाख रुपये वितरित किए गए थे।*